कोटद्वार, शुक्रवार
30 अगस्त 2024
वर्षः 46
अंकः 123 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

एक नजर

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, एक घायल

विकासनगर। कालसी क्षेत्र के कोटी रोड लालढांग के पास एक ट्रक ने मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इससे मोटर साइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालसी ले जाया गया। यहां एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे युवक का उपचार चल रहा है। कालसी थाना प्रभारी भुवन चंद्र पुजारी ने बताया कि सुबह पुलिस को सूचना मिली कि कोटी रोड लालढांग के पास एक ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी है। मौके पर जाकर देखा कि एक मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। पास में ही दो युवक घायल अवस्था में पड़े थे। दोनों घायलों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कालसी भिजवाया गया। यहां चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल कार्तिक निवासी ग्राम फतेहपुर हरबर्टपुर को मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल इकबाल पुत्र नाजिम निवासी लक्ष्मीपुर का उपचार चल रहा है। मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया कि अज्ञात ट्रक की तलाश की जा रही है। फिलहाल कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। युवक कारपेंटर का काम करते थे। दोनों सिलाई गांव से कालसी की तरफ आ रहे थे। ट्रक कालसी से सिलाई गांव की तरफ जा रहा है।

बारिश की वजह से 16 साल पुराने मकान का लैंटर गिरा,3 महिलाओं की मौत

मैनपुरी , उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले में एक दर्दनाक हादसे में तीन महिलाओं की जान चली गई। लगातार हो रही बारिश के कारण एक 16 साल पुराने मकान का लैंटर गिर गया, जिससे यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस और राहत दल को दी, जो मौके पर पहुंचकर मलबे को हटाने में जुट गए। एडीएम रामजी मिश्रा ने कहा, सुबह 8:15 बजे ये घटना घटी है...तीनों के लिए 4–4 लाख रुपए की सहायता प्रदान की गई है। सत्य प्रकाश शर्मा (डिप्टी एसपी) ने कहा, यहां रह रहे एक यादव के परिवार पर लैंटर गिर जाने से 3 महिलाएं की मृत्यु हो गई। ये घटना बारिश की वजह से हुआ है, 15–16 साल पुराना मकान था। तो ये लैंटर आज सुबह अचानक से गिर गया है। जांच जारी है।

यूपी सरकार की डिजिटल पॉलिसी पर प्रियंका गांधी का तंज

नई दिल्ली , तुम दिन को कहो रात तो रात, वरना हवालात। इन शब्दों के साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर हमला किया है। उन्होंने डिजिटल मीडिया पॉलिसी और शिक्षक भर्ती जैसे मुद्दे पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की खिंचाई की है। प्रियंका गांधी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जो तुमको हो पसंद, वही बात कहेंगे तुम दिन को अगर रात कहो, रात कहेंगे। उप्र सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी में न्याय मांग रही महिलाओं की आवाजें किस श्रेणी में आएंगी? 69,000 शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाले में उठने वाले सवाल किस श्रेणी में आएंगे?भारतीय जनता पार्टी में अंदरूनी मतभेद की सुगबुगाहट पर भी प्रियंका गांधी ने तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, भाजपा नेताओं–विधायकों द्वारा भाजपा सरकार की पोल–पट्टी खोलना किस श्रेणी में आएगा? तुम दिन को कहो रात तो रात, वरना हवालात नीति सच को दबाने का एक और तरीका है। क्या भाजपा लोकतंत्र और संविधान को कुचलने से ज्यादा कुछ सोच ही नहीं सकती ? बता दें कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार नई डिजिटल मीडिया नीति लेकर आई है। इसमें किसी भी ह्यआपत्तिजनक सामग्रीह्न को ऑनलाइन डालने पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान भी किया गया है। सरकार ने कहा है कि ह्यआपत्तिजनक सामग्रीह्नअपलोड किए जाने की स्थिति में संबंधित सोशल मीडिया ऑपरेटरों, प्रभावशाली व्यक्तियों, फर्म या एजेंसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं योगी सरकार की इस नई पॉलिसी के तहत राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर आधारित कंटेट वीडियो, ट्वीट, पोस्ट, रील प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

जम्मू–कश्मीर में सेना की बड़ी कार्रवाई

मुठभेड़ में मार गिराए तीन आतंकी, घुसपैठ की कर रहे थे कोशिश

जम्मू ,। जम्मू–कश्मीर के रजौरी जिले के बुधल में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। सूत्रों के अनुसार सेना ने तीन आतंकियों को मार गिराया है। इनमें से 2 राजौरी में और एक कुपवाड़ा में बॉर्डर के पास मारा गया। अभी इनके शव बरामद नहीं हुए हैं। ये खराब मौसम का फायदा उठाकर घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे।

अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि खेरी मोहरा लाठी गांव और दंथल इलाके में सुरक्षा बलों ने बुधवार रात को तलाशी अभियान शुरू किया था। पुलिस ने कहा, तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों ने खेरी मोहरा इलाके के पास सुरक्षा बलों पर गोलीबारी कर दी जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हुई।

पुलिस और सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम को उस इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद यह अभियान शुरू किया गया था। हाल के दिनों में जम्मू–कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच कई मुठभेड़ हुई हैं, जिनमें कई आतंकवादी और उनके कमांडर मारे गए हैं। सुरक्षा बलों के जवान भी हताहत हुए हैं।

पुंछ और राजौरी जिलों तक सीमित आतंकवादी गतिविधियां अब जम्मू के अन्य क्षेत्रों में फैल रही हैं, ऐसे क्षेत्र जो कुछ साल पहले तक इस तरह की घटनाओं से मुक्त थे जैसे कि चिनाब घाटी, जिसे आतंकवाद मुक्त घोषित किया गया था। उधमपुर और कठुआ को भी आतंकवाद मुक्त घोषित किया गया था। आतंकवादी वाहनों पर घात लगाकर हमला कर रहे हैं और ग्रेनेड के साथ–साथ एम4 असॉल्ट राइफलों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

पौड़ी जिले के युवक ने दून के होटल में की आत्महत्या

देहरादून। पौड़ी जिले के युवक ने देहरादून के होटल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने गुरुवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या के कारणों की पुलिस जांच कर रही है। शहर कोतवाल चंद्रभान सिंह अधिकारी ने बताया कि बुधवार को त्यागी रोड स्थित बालाजी होटल के एक कमरे में ठहरे युवक के कमरा नहीं खोलने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में कमरे का दरवाजा तोड़ा गया। इस दौरान कमरे में ठहरा युवक पंखे के कुंडे से रस्सी के सहारे फांसी पर लटका मिला।

फंदे से उतारकर अस्पताल भिजवाया गया। वहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त सौरभ कुमार साह उम्र 20 वर्ष निवासी सिम्मल खेत, चवोलिया, जिला पौड़ी के रूप में हुई। पुलिस को होटल में जानकारी लेने पर पता लगा कि मंगलवार शाम सौरव होटल में ठहरने आया था। बुधवार को दोपहर तक बाहर नहीं निकला। कई बार कमरे का दरवाजा खटखटाया गया। इसके बाद पुलिस बुलाई गई। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देहरादून बुलाया। इस दौरान पता लगा कि वह नौकरी की तलाश के लिए देहरादून आया था। गुरुवार को उप निरीक्षक प्रकाश सिंह ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को लेकर पौड़ी रवाना हो गए।

फर्जीवाड़ा रोकने को केंद्र का बड़ा फैसला

अब उम्मीदवारों की आधार कार्ड से होगी वेरिफिकेशन

नई दिल्ली ,केंद्र सरकार ने संघ लोक सेवा आयोग को पंजीकरण के समय और परीक्षाओं के कई चरणों के दौरान उम्मीदवारों की पहचान को सत्यापित करने के लिए आधार–आधारित पहचान पत्र का उपयोग करने की अनुमति दी है। कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि यूपीएससी को वन टाइम रजिस्ट्रेशन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के समय और परीक्षा/भर्ती परीक्षा के विभिन्न चरणों में उम्मीदवारों की पहचान के वेरीफाई के लिए स्वैच्छिक आधार पर ऑथेंटिकेशन करने की अनुमति है, जिसके लिए हां/नहीं या/और ई–केवाईसी ऑथेंटिकेशन सुविधा का उपयोग किया जाएगा।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने कहा, संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) अधिनियम के सभी प्रावधानों, उसके तहत बनाए गए नियमों और विनियमों और ह्यभारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरणह्न से जारी निर्देशों का पालन करेगा। यह महत्वपूर्ण कदम जुलाई में यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा–2022 की उम्मीदवार पूजा खेडकर की उम्मीदवारी को रद्द करने और उन्हें भविष्य की सभी परीक्षाओं और चयनों से स्थायी रूप से प्रतिबंधित करने के बाद उठाया गया है। यूपीएससी परीक्षा में 821वीं अखिल भारतीय रैंक हासिल करने वाली प्रोविजनल आईएएस अधिकारी खेडकर पर अपने अधिकार का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। उन पर कई आरोप लगे हैं, जिनमें यह दावा भी शामिल है कि पुणे पोस्टिंग के दौरान उन्होंने अलग केबिन और स्टाफ की मांग की, वाशिम जिले में अप्रत्याशित स्थानांतरण का सामना किया और लाल–नीली बत्ती और वीआईपी नंबर प्लेट वाली निजी ऑडी कार का इस्तेमाल किया। इसके अलावा, उन्होंने कथित तौर पर बिना अनुमति के अतिरिक्त कलेक्टर अजय मोरे के सामने वाले कक्ष पर कब्जा कर लिया, बिना सहमति के कार्यालय के फर्नीचर को हटा दिया और अनधिकृत सुविधाओं का अनुरोध किया। यूपीएससी भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा, समूह ए, भारतीय जैसी सेवाओं और पदों पर भर्ती के लिए सिविल सेवा परीक्षा (प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार/व्यक्तित्व परीक्षण) आयोजित करता है।

रिटायर आईएएस सुशील शर्मा बने राज्य निर्वाचन आयुक्त

देहरादून। रिटायर आईएएस अफसर सुशील कुमार शर्मा को सरकार ने राज्य निर्वाचन आयुक्त की जिम्मेदारी दे दी है।

सचिव पंचायतीराज चंद्रेश यादव की ओर से गुरुवार को इस सम्बन्ध में विधिवत आदेश जारी किए। आदेश होने के बाद आयुक्त पद पर कार्यभार संभाल लिया गया। चंद्रशेखर भट्ट के रिटायर होने के बाद से राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद खाली पड़ा है। इस मामले में हाईकोर्ट स्तर से भी सरकार से सवाल किए जा रहे थे। हाईकोर्ट में अगली सुनवाई पांच सितंबर को होने जा रही है।

उससे पहले ही पंचायतीराज विभाग की ओर से गुरुवार को राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर तैनाती का आदेश कर दिया गया। आदेश होने के कुछ ही समय बाद सुशील कुमार शर्मा की ओर से ज्वाइन कर लिया गया। सचिव पद से रिटायर होने के बाद सरकार ने सुशील कुमार शर्मा को खाद्य आयोग का अध्यक्ष बनाया था। खाद्य आयोग अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद शर्मा ने राज्य निर्वाचन आयुक्त पद पर ज्वाइनिंग दी।

पद संभालते ही चुनाव की बड़ी चुनौतीः सुशील कुमार शर्मा के पास पद संभालते ही सबसे बड़ी चुनौती निकाय के साथ ही पंचायत चुनाव कराने की है। मौजूदा समय में निकाय चुनाव की प्रक्रिया बेहद जटिल स्थिति में पहुंच गई है। हाईकोर्ट की ओर से सरकार को समय पर चुनाव कराने के आदेश दिए जा रहे हैं। दूसरी ओर विधानसभा में निकाय विधेयक को प्रवर समिति के पास भेज दिया गया है। विधेयक पर प्रवर समिति की रिपोर्ट सदन में रखे जाने और विधेयक पास होने तक चुनाव की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ने वाली। इन तमाम परिस्थितियों के बीच राज्य निर्वाचन आयोग की भूमिका बेहद अहम रहेगी।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने पहुंचीं कंगना रनौत

नई दिल्ली , किसान आंदोलन को लेकर अपने बयानों के कारण चर्चा में आईं भाजपा सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत गुरुवार को पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करने के लिए उनके आवास पर पहुंचीं। माना जा रहा है कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात के दौरान कंगना रनौत किसान आंदोलन को लेकर दिए गए अपने बयान पर उन्हें सफाई दे सकती हैं। आपको बता दें कि इससे पहले सोमवार को ही भाजपा ने बयान जारी कर किसान आंदोलन को लेकर कंगना रनौत के बयान से किनारा कर लिया था। भाजपा ने सोमवार को ही कंगना रनौत को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा था, भाजपा सांसद कंगना रनौत द्वारा किसान आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में दिया गया बयान, पार्टी का मत नहीं है। भारतीय जनता पार्टी कंगना रनौत के बयान से असहमति व्यक्त करती है। पार्टी की ओर से, पार्टी के नीतिगत विषयों पर बोलने के लिए कंगना रनौत को न तो अनुमति है और न ही वे बयान देने के लिए अधिकृत हैं।

उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेल की वेबसाइट का लोकार्पण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को बहुउद्देशीय क्रीडा भवन, परेड ग्राउंड देहरादून में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सभी को खेल दिवस की शुभकामना दी तथा हॉकी के जादूगर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पेरिस ओलंपिक 2024 में प्रतिभाग करने वाले उत्तराखंड के 4 खिलाड़ियों (लक्ष्य सेन, परमजीत सिंह, सूरज पंवार, अंकिता ध्यानी) को 50 – 50 लाख की धनराशि के चेक प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने इस अवसर उत्तराखंड में आयोजित होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेल की वेबसाइट का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में राज्य के खिलाड़ियों को एक ही स्थान पर अपना पंजीकरण करने एवं उपलब्धियां दर्ज करने के उद्देश्य से वडरफर पोर्टल भी लाचं किया गया है। उन्होंने उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के 3900 (1950 बालक एवं 1950 बालिकाएं) खिलाड़ियों को डी.बी.टी के माध्यम से कुल 58 लाख 50 हज़ार रूपये की छात्रवृत्ति वितरित की। मुख्यमंत्री ने 269 राष्ट्रीय, 58 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों एवं 65 प्रशिक्षको, इस प्रकार कुल 392 लोगों को डी.बी.टी के माध्यम से 7 करोड़ 4 लाख की पुरस्कार धनराशि का भी वितरण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान घोषणा की कि महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, देहरादून के छात्रों हेतु खेल गतिविधियों से जुड़ी स्नातक कक्षाओं को भी प्रारंभ किया जाएगा। जिसे निर्माणाधीन खेल विश्वविद्यालय के साथ जोड़ा जायेगा। मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत चयनित 2600 खिलाडियों में से 10 प्रतिशत खिलाड़ियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर चयनित कर विशेष प्रशिक्षण दिये जाने की व्यवस्था की जायेगी। भारत सरकार के खेल मंत्रालय द्वारा संचालित टारगेट ओलम्पिक पोडियम योजना की भांति राज्य सरकार द्वारा भी टारगेट इंटरनेशनल पोडियम योजना संचालित की जायेगी। जिससे कि उत्तराखण्ड राज्य के खिलाड़ियों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक अर्जित करने में सहायता प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मेजर ध्यानचंद का खेल के क्षेत्र में दिया गया योगदान प्रेरणादायी है। पेरिस ओलंपिक में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियो एवं पैरा ओलंपिक में प्रतिभाग करने जा रहे सभी खिलाड़ियों

भड़की ममता बनर्जी

बोली-अगर बंगाल जला तो यूपी, बिहार, असम भी जलेंगे

- पीएम मोदी की गिरेगी कुर्सी

नई दिल्ली , पश्चिम बंगाल में लेडी–डॉक्टर की हत्या के मामले में बढ़ते तनाव के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि याद रखें अगर बंगाल जला तो असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे और पीएम की कुर्सी गिर जाएगी।। सीएम के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी के नेता सुकांत मजूमदार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चि्ठी लिखी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की राष्ट्र विरोधी टिप्पणियां किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की आवाज नहीं है। इसके जवाब में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने उन पर निशाना साधते हुए कहा कि आपकी असम को डराने की हिम्मत कैसे हुई? ममता ने कोलकाता की एक रैली में कहा था कि कुछ लोगों को लगता है कि यह बांग्लादेश है। मुझे बांग्लादेश से प्यार है। वे हमारी तरह बात करते हैं और हमारी संस्कृति भी एक जैसी है। लेकिन, याद रखिए कि बांग्लादेश अलग देश है और भारत अलग देश है।मोदी बाबू कोलकाता के रेप–मर्डर केस में अपनी पार्टी का इस्तेमाल करके बंगाल में आग लगवा रहे हैं। अगर आपने बंगाल को जलाया तो असम, नॉर्थ–ईस्ट, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे। हम आपकी कुर्सी गिरा देंगे। ममता के इस बयान को लेकर सरमा ने ङ्ग पर पोस्ट में कहा कि दीदी, आपकी हिम्मत कैसे हुई असम को धमकाने की? हमें लाल आंखें मत दिखाइए। आपकी असफलता की राजनीति से भारत को जलाने की कोशिश भी मत कीजिए। आपको विभाजनकारी भाषा बोलना शोभा नहीं देता।

चंपई के इस्तीफे से खाली हुई कैबिनेट सीट पर रामदास सोरेन बनेंगे मंत्री

रांची ,हेमंत सोरेन सरकार में मंत्री चंपई सोरेन के इस्तीफे के बाद उनकी जगह घाटशिला के झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) विधायक रामदास सोरेन को मंत्री बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री की ओर से रामदास सोरेन को मंत्री के रूप में शपथ दिलाने के लिए राजभवन को पत्र भेज दिया गया है। शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार 30 अगस्त को दिन के 11 बजे आयोजित किया जाएगा। इधर, चंपई सोरेन भी इसी दिन औपचारिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे। रामदास सोरेन ने खुद इस बात की पुष्टि की है कि उन्हें मंत्री के रूप में शपथ लेने के लिए सीएम हाउस से फोन आया है। चंपई सोरेन के जिम्मे उच्च एवं तकनीकी शिक्षा और जल संसाधन विभाग थे। संभावना जताई जा रही है कि रामदास सोरेन को ये दोनों विभाग दिए जाएंगे। चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने से राज्य के कोल्हान प्रमंडल में सियासी समीकरण प्रभावित हो सकता है। ऐसे में उनकी जगह रामदास सोरेन को मंत्री बनाए जाने के फैसले को सियासी ह्यडैमेज कंट्रोलह्न की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है क्योंकि 61 वर्षीय रामदास सोरेन भी चंपई सोरेन की तरह संथाल आदिवासी समाज से ताल्लुक रखते हैं ।

निर्वाचन आयोग ने जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए जारी की अधिसूचना

श्रीनगर ,निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने गुरुवार को जम्मू–कश्मीर में 3 चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र भरने के लिए अधिसूचना जारी की है। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 5 सितंबर है, जबकि 6 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार 9 सितंबर तक अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। दूसरे चरण के लिए 25 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा, जबकि सभी चरणों के परिणाम 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

इस चरण में जिन सीटों पर मतदान होगा, उनमें कंगन (एसटी), गंदेरबल, हजरतबल, खानयार, हब्बा कदल, लाल चौक, चन्नपोरा, जदीबल, ईदगाह, सेंट्रल शाल्टेंग, बडगाम, बीरवाह, खानसाहिब, चरार–ए–शरीफ, चडूरा, गुलाबगढ़ (एसटी), रियासी, श्री माता वैष्णो देवी, कालाकोट–सुंदरबनी, नौशेरा राजौरी (एसटी), बुधल (एसटी), थन्नामंडी (एसटी), सुरनकोट (एसटी), पुंछ हवेली और मेंढर (एसटी) शामिल हैं।

पहले चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच बुधवार को समाप्त हो गई। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में 34 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए। इनमें सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती का नामांकन पत्र भी खारिज किया गया। अधिकारियों ने कहा कि शपथ प्रमाण पत्र की कमी बरकती के नामांकन पत्र खारिज होने का कारण थी। अधिकारियों ने कहा कि 27 अगस्त को दोपहर 2.55 बजे रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच करने पर, यह पाया गया कि इसमें शपथ प्रमाण पत्र का अभाव था।

बता दें कि जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में विधानसभा का चुनाव होना है। राज्य में पहले चरण के मतदान के तहत 18 सितंबर को 24 सीटों पर चुनाव होना है। वहीं दूसरे चरण के तहत 25 सितंबर को 26 सीटों पर और तीसरे चरण के तहत एक अक्टूबर को 40 विधानसभा सीटों पर मतदान होना है। मतगणना 4 अक्टूबर को होनी है। चुनाव आयोग के मुताबिक, जम्मू और कश्मीर में 90 निर्वाचन क्षेत्रों में 87.09 लाख मतदाता हैं, जिनमें 42.6 लाख महिलाएं हैं। यहां पहली बार वोट देने वाले युवा मतदाताओं की संख्या 3.71 लाख है। जबकि, कुल मिलाकर 20.7 लाख युवा मतदाता हैं, जिनकी आयु 20 से 29 वर्ष के बीच है।

समाजवादी पार्टी की टोपी लाल, कारनामे काले : सीएम योगी

कानपुर ,उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी के कारनामों से हर कोई परिचित है। पन्नों को पलटेंगे तो काले कारनामों से उनका इतिहास भरा है। सपा की टोपी लाल, लेकिन कारनामे काले हैं।

मुख्यमंत्री ने यहां राजकीय इंटर कॉलेज, लाल इमली, चुन्नीगंज में कानपुर वासियों से संवाद किया। इसके पहले सीएम ने 750 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने एक हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र, 5027 लाभार्थियों को 191 करोड़ का ऋण और 8087 युवाओं को टैबलेट तथा स्मार्टफोन वितरित किए।

सीएम ने लोकसभा चुनाव में कानपुर से रमेश अवस्थी और अकबरपुर से देवेंद्र सिंह भोले की जीत के लिए आभार जताया। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा, गुंडागर्दी, अराजकता, बेटी–व्यापारी की सुरक्षा पर खतरा पैदा करना इनकी पहचान थी। इनका दिखाने वाला और असली चेहरा अलग है। इनकी वजह से सीसामऊ की जनता को उपचुनाव का सामना करना पड़ रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि सपा वाले गरीबों की संपत्ति पर कब्जा व दंगे भडक़ाते हैं। यहां उस दिन दंगे भडक़ाने की साजिश हो रही थी, जब इसी माटी के सपूत राष्ट्रपति कानपुर आए थे। तब सीसामऊ का सपा विधायक सीसामऊ व कानपुर को दंगे की आग में झोंकने की साजिश कर रहे थे। अब वह अपने कृत्यों की सजा भुगत रहा है। जनता–जनार्दन ने जनादेश पांच वर्ष के लिए दिया, लेकिन अब उपचुनाव झेलना पड़ रहा है। जब भी मौका मिलता है तो सपा अराजकता की मंशा को जाया नहीं होने देती।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में सपा नेता निषाद बेटी की इज्जत से खिलवाड़ करता है, लेकिन सपा मुखिया बेशर्म के खिलाफ कार्रवाई की बजाय बेशर्मी से उसका समर्थन कर रहे थे। लखनऊमें एक बेटी पिता के साथ बाइक से जा रही थी, लेकिन बरसात में पानी भरने पर सपा के गुंडे बेटी को गिराने का कार्य कर रहे थे। तब इनके एक नेता ने सदन में कहा था कि सद्भावना ट्रेन चलनी चाहिए, तब मैंने कहा कि माफिया–गुंडों के लिए सद्भावना नहीं, बुलेट ट्रेन चलेगी।

आज से नहीं बनेंगे पासपोर्ट

चंडीगढ़ ,आज से अगले 5 दिनों तक पासपोर्ट नहीं बन सकेंगे।देशभर के पासपोर्ट कार्यालयों में पासपोर्ट विभाग के पोर्टल 29 अगस्त से 2 सितंबर तक बंद रहेंगे। तकनीकी रखरखाव के कारण यह सुविधा 5 दिनों तक उपलब्ध नहीं रहेगी। इसकी जानकारी पासपोर्ट विभाग ने दी है।

इसके अलावा पहले से किए गए आवेदन के बाद अगर आपको 30 अगस्त से 2 सितंबर के बीच अपॉइंटमेंट मिला है तो इसे किसी अन्य तारीख के लिए रीशेड्यूल करना पड़ेगा। ऐसे में देशभर के आवेदकों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस अवधि में लोग नए आवेदन भी नहीं कर सकेंगे।

दौरान आम लोगों के अलावा सभी एमईए, आरपीओ, आईएसपी, डीओपी और पुलिस अधिकारियों के लिए भी सिस्टम उपलब्ध नहीं होगा।

दो दोस्तों ने की थी शशांक की पानी में डूबोकर हत्या

काशीपुर। चार दिन पहले पानी से भरे प्लॉट में मिले युवक की हत्या उसके दो दोस्तों ने की थी। उधारी के विवाद में दोनों दोस्तों ने युवक को पानी में धक्का दे दिया था, जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने दोनों युवकों को केवीआर हाईवे फ्लाई ओवर के नीचे से गिरफ्तार किया है। पुलिस को मौके से एक लॉक लगी कार मिली थी। गुरुवार को आईटीआई थाने में सीओ अनुषा बडोला ने मामले का खुलासा किया। बताया कि 26 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि खड़कपुर देवीपुरा स्थित पानी से भरे प्लॉट में युवक का शव पड़ा है। मौके पर एक कार खड़ी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक का शव बरामद किया। जेब में मिले आधार कार्ड से युवक की पहचान आवास विकास निवासी शशांक डोभाल पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में हुई थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच में पुलिस को पता चला कि बरामद कार सुभाष नगर निवासी राकेश सक्सेना पुत्र रघुनंद प्रसाद के नाम पर है। वारदात के दिन कार को राकेश सक्सेना का बेटा शिखर सक्सेना चला रहा था। घटना के बाद से ही शिखर दोस्त दीपक यादव पुत्र बाबूराम यादव के साथ फरार है। पड़ताल के दौरान गुरुवार को पुलिस ने सुभाष नगर निवासी शिखर व दीपक यादव को केवीआर हाईवे फ्लाई ओवर के नीचे से गिरफ्तार किया।

संपादकीय

निजी सेक्टर में रोजगार की राह

स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की दिशा में सबसे अच्छा प्रयास यही है कि अपने ही प्रदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। नए राज्य के गठन के बाद उत्तराखंड की पहली निर्वाचित सरकार के मुख्यमंत्री पंडित नरेंद्र तिवारी ने जिस सोच के साथ प्रदेश में औद्योगिक विकास की अवधारणा का गठन किया था उसी शैली को कहीं न कहीं उत्तराखंड के अन्य मुख्यमंत्रियों ने भी चुना। उत्तराखंड के कुछ जनपदों को औद्योगिक विकास के लिए उपयुक्त माना गया जिनमे देहरादून, उधम सिंह नगर और हरिद्वार में कई औद्योगिक इकाइयों में अपनी रुचि दिखाई और अब सरकार प्रदेश के कुछ अन्य शहरों में भी इसी प्रकार से औद्योगिक विकास की गंगा बहाना चाहती है। इसी कड़ी में भारत सरकार के राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत ऊधमसिंह नगर जनपद में स्थित खुरपिया फार्म को स्मार्ट औद्योगिक शहर के रूप में विकसित करने का ऐलान राज्य सरकार ने कर दिया है। इस परियोजना के माध्यम से उत्तराखंड में 15 हजार करोड़ का निवेश किया जाएगा और करीब 50 हजार से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है। योजना के तहत 28,602 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश के साथ 12 नए परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से देश में औद्योगिक नोड्स और शहरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार होगा जो आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देगा। उत्तराखंड के उधम सिंह नगर के खुरपिया फार्म को इस औद्योगिक क्षेत्र के लिए चिन्हित किया गया है। खुरपिया फार्म में भारत सरकार और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से 1002 एकड़ भूमि पर 1265 करोड़ की लागत से स्मार्ट औद्योगिक शहर विकसित किया जाएगा। पिछले वर्ष इन्वेस्टर मीट के तहत उत्तराखंड में औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजन किया गया था इसके भविष्य में परिणाम देखने को मिलेंगे। कई बड़े औद्योगिक गणों ने उत्तराखंड में उचित माहौल मिलने पर बड़ी इकाइयां लगाने का कदम उठाया है जिससे निश्चित तौर पर न केवल उत्तराखंड को अच्छा राजस्व प्राप्त होगा तो वहीं बड़े पैमाने पर स्थानीय युवकों के लिए रोजगार का रास्ता भी साफ होगा। आज जब सरकारी नौकरियों का दायरा सिमट रहा है तो इन परिस्थितियों में जरूरी है कि युवा या तो स्वरोजगार के सिद्धांत को अपनाकर आगे बढ़े या फिर राज्य सरकार राज्य में अलग-अलग नगरों को औद्योगिक इकाइयों के रूप में विकसित कर प्रदेश को औद्योगिक एवं रोजगार की दिशा में एक आदर्श राज्य बनाएं।

बड़ी चुनौती साफ सुथरी सरकार की

अजीत द्विवेदी

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन चरण में होने वाले मतदान के पहले चरण की अधिसूचना जारी हो गई है और नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही आतंकवादियों की ओर से चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने के प्रयास भी चल रहे हैं।

चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से एक दिन पहले यानी 19 अगस्त को आतंकवादियों ने अपेक्षाकृत शांत और सुरक्षित माने जाने वाले उधमपुर इलाके में सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। असल में इस साल अप्रैल, मई में हुए लोकसभा चुनावों में जम्मू कश्मीर के लोगों के खुल कर शामिल होने और जम कर मतदान करने की परिघटना ने आतंकवादियों और सीमा पार बैठे उनके आकाओं को असहज कर दिया है। वे समझ नहीं पाए कि क्यों इतनी बड़ी संख्या में लोग चुनाव प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। राज्य की सभी पांच लोकसभा सीटों पर औसतन 50 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ, जो एक रिकॉर्ड है।

तभी लोकसभा चुनाव के बाद से ही सुरक्षा बलों पर हमले में तेजी आई, खासतौर से जम्मू के इलाके में, जिसे आमतौर पर शांत और सुरक्षित माना जाता है। अकेले जुलाई के महीने में सुरक्षा बलों पर 10 बड़े हमले हुए हैं, जिनमें कैप्टेन रैंक के अधिकारियों सहित कुल 15 जवान शहीद हुए। अगस्त में भी एक हफ्ते के अंतराल पर दो हमले हुए, जिसमें सेना के एक कैप्टेन और सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। ये हमले अनायास या अचानक नहीं हो रहे हैं। इनके पीछे किसी बड़ी साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। तभी आशंका जताई जा रही है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों और आम नागरिकों को भी निशाना बनाने वाले हमलों में बढ़ोतरी हो सकती है।

इस लिहाज से चुनाव प्रक्रिया में सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है। चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन और सुरक्षा बलों को हर स्थिति में नागरिकों को सुरक्षा मुहैया करानी होगी और उनके मन में सुरक्षा की धारणा पुख्ता करनी होगी ताकि वे खुल कर चुनावी प्रक्रिया में शामिल हों। चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का मतलब है कि बढ़ चढ़ कर चुनाव लडने़ वाले सामने आएं और मतदान करने के लिए भी लोग बेखौफ होकर निकलें। लोकसभा चुनाव से ज्यादा मतदान विधानसभा में हो तभी चुनाव आयोग की सफलता मानी जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी की खबरों से लोगों का भरोसा टूटेगा और सारी कवायद विफल हो जाएगी।

जम्मू कश्मीर में चुनाव की दूसरी चुनौती सनातन है। लम्बे समय से वहां स्थिर और पूर्ण बहुमत वाली सरकार नहीं बनी है। हर बार गठबंधन की सरकार बनती है क्योंकि चुनाव हमेशा बहुकोणीय होता है, जिसमें किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिलता है। इस बार भी चुनाव से पहले राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह से बंटा हुआ दिख रहा है। पांच साल पहले जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले के बाद पार्टियों में जो राजनीतिक एकता दिखी थी वह पांच साल में समाप्त हो गई है। गुपकर एलांयस नाम की कोई चीज अब मौजूद नहीं है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस तीनों अलग अलग ताल ठोंक रहे हैं, जिन्होंने नवंबर 2018 में साथ मिल कर सरकार बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इनके अलावा सज्जाद लोन की 'पीपुल्स कॉन्फ्रेंस', गुलाम नबी आजाद की प्रोग्रेसिव डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी और अल्ताफ बुखारी की 'अपनी पार्टी' की भी तैयारी है। भाजपा जो पिछली बार दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी थी वह ज्यादा बड़ी तैयारी के साथ चुनाव में उतरेगी। इस बहुकोणीय मुकाबले में किसी पार्टी के लिए बहुमत हासिल करना मुश्किल प्रतीत होता है। त्रिशंकु विधानसभा में कैसी सरकार बनेगी और वह कितनी स्थिर होगा और लोगों का कितना भला कर पाएगी, यह देखने वाली बात होगी।

लोकसभा चुनाव के बाद से ही सुरक्षा बलों पर हमले में तेजी आई, खासतौर से जम्मू के इलाके में, जिसे आमतौर पर शांत और सुरक्षित माना जाता है। अकेले जुलाई के महीने में सुरक्षा बलों पर 10 बड़े हमले हुए हैं, जिनमें कैप्टेन रैंक के अधिकारियों सहित कुल 15 जवान शहीद हुए। अगस्त में भी एक हफ्ते के अंतराल पर दो हमले हुए, जिसमें सेना के एक कैप्टेन और सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। ये हमले अनायास या अचानक नहीं हो रहे हैं। इनके पीछे किसी बड़ी साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। तभी आशंका जताई जा रही है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों और आम नागरिकों को भी निशाना बनाने वाले हमलों में बढ़ोतरी हो सकती है। इस लिहाज से चुनाव प्रक्रिया में सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है। चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन और सुरक्षा बलों को हर स्थिति में नागरिकों को सुरक्षा मुहैया करानी होगी और उनके मन में सुरक्षा की धारणा पुख्ता करनी होगी ताकि वे खुल कर चुनावी प्रक्रिया में शामिल हों। चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का मतलब है कि बढ़ चढ़ कर चुनाव लडने़ वाले सामने आएं और मतदान करने के लिए भी लोग बेखौफ होकर निकलें।

तीसरी चुनौती अलगाववादी ताकतों से है। लोकसभा चुनाव में बारामूला लोकसभा सीट के नतीजे से इस खतरे की आशंका स्पष्ट दिख रही है। निर्दलीय उम्मीदवार इंजीनियर शेख राशिद ने इस सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक उमर अब्दुल्ला को हरा दिया। वह भी तब जबकि शेख राशिद दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल से चुनाव लड़ा और उनके दो बेटों ने चुनाव की कमान संभाली। शेख राशिद उग्र अलगाववादी विचारों के हैं और इसलिए जेल में बंद हैं। बारामूला लोकसभा सीट पर लोगों ने उदार और लोकतांत्रिक उमर अब्दुल्ला की बजाय उग्र और अलगाववादी विचार वाले शेख राशिद को चुना। राशिद को 45.70 फीसदी वोट मिले, जबकि उमर अब्दुल्ला सिर्फ 25 फीसदी वोट हासिल कर पाए।

यानी राशिद ने उनको 20 फीसदी के बड़े अंतर से हराया। जम्मू कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद लोन भी इस सीट से चुनाव लड़े थे और उनको भी 17 फीसदी के करीब वोट मिला था। सो, मुख्यधारा की पार्टियों के बरक्स छोटी व नई पार्टियों और अलगाववादी विचारों वाले निर्दलीय उम्मीदवार को मिला समर्थन विधानसभा चुनाव के लिए एक नई चुनौती का संकेत है। यह समझने वाली बात है कि लोकसभा चुनाव में जो उत्साह दिखा है, खास कर घाटी के इलाके में वह कहीं अलगाववादी ताकतों की वजह से तो नहीं है? विधानसभा चुनाव में इस प्रवृत्ति पर नजर रखने और इसे रोकने की कोशिश होनी चाहिए।

असल में पिछले छह साल की राजनीति यानी जब से राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हुआ है तब से भाजपा और केंद्र सरकार ने जो राजनीति की है उससे भी लोगों में अलगाव की भावना पैदा हुई है।

नवंबर 2018 में विधानसभा भंग करके राष्ट्रपति शासन लागू करने, फिर अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने, राज्य को विभाजित करके लद्दाख को अलग करने और फिर परिसीमन के नाम पर जम्मू इलाके में छह व कश्मीर घाटी में एक सीट बढ़ाने की कार्रवाई से देश के एकमात्र मुस्लिम बहुल राज्य में स्थानीय नागरिकों के मन में भाजपा को लेकर संदेह पैदा हुआ है। उनको लग रहा है कि भाजपा घाटी में कठपुतली पार्टियां खड़ी कर रही है और जम्मू इलाके में सीट बढ़ा कर वहां चुनाव जीतना चाहती है ताकि अपनी सरकार बना सके और हिंदू मुख्यमंत्री बना सके। ध्यान रहे राज्य की दोनों बड़ी प्रादेशिक पार्टियां यानी नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी पहले भाजपा के साथ मिल कर सरकार बना चुके हैं। इसलिए उन पर भी लोगों का भरोसा नहीं बन रहा है। तभी यह देखना दिलचस्प होगा कि भाजपा किस तरह से चुनाव लड़ती है और तीन, चार छोटी पार्टियां किस तरह से उसकी मदद करती हैं। इस बीच कांग्रेस और भाजपा दोनों की ओर से गठबंधन की कवायद भी शुरू हुई है। वह भी एक दिलचस्प पहलू है।

अगर चुनाव बाद की चुनौतियों की बात करें तो उसमें सबसे प्रमुख जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करना है। कहने को तो नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 और 35ए की बहाली का भी वादा कर दिया है लेकिन सबको पता है कि वह अब संभव नहीं है। इसलिए राज्य के दर्जे की बहाली सबसे जरूरी है। इसमें भी यह देखना दिलचस्प होगा कि चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर कैसा राज्य बनता है। वह पूर्ण राज्य होता है या दिल्ली जैसा अर्ध राज्य बनता है।

पिछले दिनों उप राज्यपाल को जितने अधिकार दिए गए हैं उससे लगता है कि राज्य सरकार के पास कम ही अधिकार रहेंगे। चुनाव बाद की एक बड़ी चुनौती साफ सुथरी सरकार की है। अगर सरकार गठन में जोड़ तोड़ या खरीद फरोख्त होती है तो पूरी कवायद विफल होगी। राज्य के लोग पहले इस तरह की बातें देख चुके हैं। साफ सुथरी सरकार से ही उनका भरोसा सरकार पर बनेगा और तभी स्थायी शांति बहाली संभव हो पाएगी।

खतरनाक हैं मानसून में रुकावट की घटनाएं

ज्ञानेंद्र रावत

स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन समूची दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। सबसे अधिक चिंतित करने वाली बात यह है कि इससे जीवन का कोई भी क्षेत्र अछूता नहीं रहा है। इसमें भी कोई संदेह नहीं है कि जलवायु परिवर्तन से जहां समुद्र का जलस्तर बढ़ने से कई द्वीपों और तटीय महानगरों के डूबने का खतरा पैदा हो गया है, वहीं सूखे, जमी मिट्टी के ढीली होने के चलते तेजी से बिखरने, मिट्टी में कार्बन सोखने की क्षमता कम होते जाने, खारापन बढ़ने, बेमौसम बारिश के कारण बाढ़ आने, चक्रवात आने, कम समय में ज्यादा बारिश आने, शुष्क भूमि पर निर्भर लोगों के लिए भोजन का संकट बढ़ने, दुनिया के पचास फीसदी चारागाह नष्ट होने, फसल की पैदावार दर में तीन से बारह फीसदी के बीच गिरावट होने, लोगों के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं होने, 30 फीसदी प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट मंडराने, सुपर बग का खतरा बढ़ने, अंटार्कटिका में उल्का पिंडों के गायब होने, बच्चों के उच्च जोखिम की स्थिति में पहुंचने और जीवन का अधिकार प्रभावित होने के साथ-साथ अब मानसून ब्रेक की घटनाओं का खतरा भी पैदा हो गया है।

जलवायु परिवर्तन के संकट से जूझ रही दुनिया इसकी भारी आर्थिक कीमत चुका रही है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस का कहना एकदम सही है कि जलवायु आपदा टालने में दुनिया पिछड़ रही है। समय की मांग है कि विश्व समुदाय सरकारों पर दबाव बनाये। यदि वैश्विक प्रयास तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने में कामयाब रहे, तब भी 96।1 करोड़ लोगों के लिए यह खतरा बरकरार रहेगा। जलवायु परिवर्तन का सबसे बड़ा दुष्परिणाम जनसमूहों के पलायन के रूप में सामने आया है। यह प्रवृति गरीब देशों से विकसित देशों की ओर बढ़ती देखी जा रही है, जो दिन-ब-दिन और भयावह हो रही है। यह स्थिति भारी असमानता को बढ़ावा देगी, जिसके परिणाम काफी खतरनाक होंगे।

आजकल मानसून ब्रेक के बारे में चिंताएं ज्यादा हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार जलवायु परिवर्तन ने इसे बढ़ाने में खासा योगदान दिया है। इसे यदि मानसून में रुकावट कहें, तो गलत नहीं होगा। यह कम दबाव के क्षेत्र में मानसून गर्त के खिसकने के कारण होता है। जब यह गर्त उत्तर की ओर खिसककर हिमालय की तलहटी से जाकर संरेखित होती है, तब बारिश रुक जाती है। इसे यूं कहें कि मानसून के मौसम में जब झमाझम बारिश हो रही हो और वह अचानक बंद हो जाए, तो उसे मानसून ब्रेक कहते हैं।

ऐसे में प्रभावित क्षेत्र में तीव्र गर्मी वाली स्थिति पैदा हो जाती है। जिस इलाके में बारिश के चलते तापमान कम हो जाता है, वहां वह यकायक बढ़ जाता है। नतीजतन वहां अत्याधिक गर्मी पड़ती है और उसके बाद तेज वर्षा शुरू हो जाती है। यह अक्सर अगस्त के माह में होता है। इसका समय लगभग तीन से पांच दिन तक का रहता है। इसके बाद फिर बारिश शुरू हो जाती है। साल 1976 के बाद से सबसे अधिक लंबा मानसून ब्रेक पिछले साल अगस्त में देखने को मिला। सच तो यह है कि मानसून ब्रेक के बाद उमस बहुत तेजी से बढ़ती है।

जितनी आबादी उतना हक ?

अजय दीक्षित

कई विपक्षी दल जातिगत जनगणना की बात करते हैं । उनका मानना है कि जो जिस जाति का है उसे उतना हक़ मिलना चाहिए । परन्तु ये दल यह नहीं बतलाते कि यह हक़ किन क्षेत्रों में मिलेगा । समतावादी समाज में सभी को पढने़ का या सीखने का, या कौशल प्राप्त करने का समान अवसर मिलना चाहिए । उसके बाद ओपन कंप्टीशन में योग्यता के आधार पर चयन होना चाहिए । 'हक़' किस क्षेत्र में? शायद मुख्य मुद्दा सरकारी नौकरियों में हैं । परन्तु वहां तो पहले से ही एस.सी., एस.टी., पिछड़ों, गरीब सवर्ण सवर्णों और शारीरिक रूप से अक्षम को आरक्षण है । फिर क्या व्यापर में हक़ की बात की जा रही है । एक बाजार में कितनी दुकानें सवर्णों की होगी, कितनी एस.टी. वालों की? सरकारी नौकरियों में पहले से ही आरक्षण है । इसका एक दुष्परिणाम यह भी देखने को मिलता है कि आरक्षण के कारण जूनियर अपने पहले के सीनियर से उसका बॉस बन जाता है। यह सरकारी काम क्षमता में एक रोड़ा है । असल में अभी केन्द्र ने कुछ पदों के लिए ओपिन कंप्टीशन से विशेषज्ञों की नियुक्तियों के लिए यू.पी.एस.सी. के मार्फत विज्ञापन निकाला है । डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी के लिए है ।असल में देश संचालन में कुछ क्षेत्रों में विशेषज्ञों की आवश्यकता होती है । यू.पी.एस.सी. ने मात्र 35 या 40 पदों के लिए विज्ञापन दिया था जो डिप्टी सेक्रेटरी, डायरेक्टर और जॉइंट सेक्रेटरी के लिए था । विपक्षी मात्र विरोध के लिए विरोध कर रहा है । इनको चिराग पासवान। नीतीश कुमार का भी समर्थन है, चिराग पासवान के पिता रामविलास पासवान मौसम विज्ञानी कहे जाते थे । वे कांग्रेस की सरकार में भी मंत्री थे और भाजपा की सरकार में भी ।

देव गिल स्टारर फ़िल्म अहो विक्रमार्का की टीजर हुआ आउट, 5 भाषाओं में 30 अगस्त को होगी रिलीज

निर्माता डॉ मीहिर कुलकर्णी की फ़िल्म अहो विक्रमार्का सिनेमा की पहली ब्लॉकबस्टर-पैन इंडिया फिल्म 30 अगस्त 2024 को 5 भाषाओं में रिलीज के लिए तैयार है। इस फ़िल्म का टीज़र और मोशन पोस्टर जी7 मल्टीप्लेक्स बांद्रा मुम्बई में लॉन्च किया गया। एक बहादुर और दृढ़निश्चयी पुलिसकर्मी की वीरतापूर्ण कहानी को देखने के लिए आप सभी तैयार हो जाइए। यह फ़िल्म मराठी, तेलगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़, मलयालम और बंगाली में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फ़िल्म मीहिर कुलकर्णी, आरती गिल और अश्विनी कुमार मिश्रा द्वारा प्रोड्यूस की गई है। संगीतकार रवि बसरूर हैं।

महाराष्ट्र के सुपुत्र और साउथ फिल्म इंडस्ट्री के सुपरस्टार लोकप्रिय दिग्गज अभिनेता देव गिल अब महाराष्ट्र के दिलों पर राज करने आ रहे हैं। तो अपनी सांसें थाम लें और अब तैयार हो जाएं एक्शन से भरपूर यह सिनेमा देखने के लिए। अभिनेता देव गिल और एसएस राजामौली फिल्म्स के एसोसिएट निर्देशक पेटा त्रिकोटी द्वारा निर्देशित इस फ़िल्म का टीज़र जबरदस्त है। उल्लेखनीय है कि इस फ़िल्म के प्रोड्यूसर डॉ. मीहिर कुलकर्णी प्रसिद्ध समाजसेवी और परोपकारी हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के बालेगांव को गोद लिया है। परोपकार और सामुदायिक विकास के लिए एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए ग्रेविटी ग्रुप के दूरदर्शी अध्यक्ष डॉ. मीहिर कुलकर्णी ने महाराष्ट्र के वैजापुर में बालेगांव के सूखा प्रभावित क्षेत्र को आधिकारिक तौर पर गोद ले लिया है।

भारत के सबसे युवा उद्यमियों में से एक डॉ. मीहिर कुलकर्णी अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

पेरिस पैरालंपिकः उद्घाटन समारोह में भारतीय दल का जलवा

पेरिस, पेरिस में बुधवार देर रात पैरालंपिक खेलों का उद्घाटन समारोह हुआ और इसी के साथ खेल इतिहास में एक रोमांचक अध्याय की शुरुआत हुई। इस बार विश्व के तमाम खिलाड़ी 22 खेलों के कुल 549 स्पर्धाओं में पदकों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हुए नजर आएंगे।बुधवार (28 अगस्त) को भारतीय समयानुसार रात 11:30 बजे पेरिस पैरालंपिक का उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ। भारत के लिए इस गौरव के क्षण में पैरा-एथलीट सुमित अंतिल और भाग्यश्री जाधव ने भारतीय दल का नेतृत्व किया, जो 12 विभिन्न खेलों में 84 एथलीटों के साथ देश के पैरालंपिक इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा दल है। टोक्यो 2020 पैरालंपिक में भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित को ध्वजवाहक होने का सम्मान मिला, जो एक और शानदार प्रदर्शन के लिए देश की उम्मीदों का प्रतीक है।

मैं भारतीय बैडमिंटन का विराट कोहली बनना चाहता हूं

-ओलंपिक मेडल से चूके लक्ष्य सेन का बयान

नईदिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली की लोकप्रियता सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है. बल्कि दूसरे खेल के खिलाड़ी भी विराट को अपना आदर्श मानते हैं और अपने अपने खेल में उनके जैसी लोकप्रियता और सफलता पाना चाहते हैं. ओलंपिक 2024 में मेडल से चूकने वाले एक युवा खिलाड़ी ने भी ऐसी ही ख्वाहिश जारी की है. युवा बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है. लक्ष्य ने इस इंटरव्यू में कहा कि, मैं आने वाले समय में भारतीय बैडमिंटन का विराट कोहली बनना चाहता हूं. उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है.मैं कुछ ऐसा अपने खेल में करना चाहता हूं. बता दें कि लक्ष्य ने हाल ही में ओलंपिक 2024 में भारतीय बैडमिंटन का प्रतिनिधित्व किया था. उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था लेकिन वे मेडल जीतने से चूक गए थे और चौथे स्थान पर रहे थे.भारत में बैडमिंटन का क्रेज लगातार बढ़ रहा है. 2012 में लंदन में हुए ओलंपिक में सायना नेहवाल ने ब्रांज मेडल जीता था. 2016 में पीवी सिंधु ने सिल्वर मेडल जीता. इसके बाद टोक्यो में सिंधु ने कांस्य पदक जीता था. पेरिस ओलंपिक में बैडमिंटन में भारत को कोई पदक नहीं मिला. सिंधु जहां बाहर हो गई वहीं लक्ष्य ब्रांज मेडल वाले मैच में बढ़त बनाने के बावजूद जीत हासिल नहीं कर पाए.पेरिस में लक्ष्य से निराशा जरुर मिली है लेकिन ये खिलाड़ी सिर्फ 23 साल का है और मेहनती है. बैडमिंटन को जीने वाला है. इस वजह से हम उम्मीद कर सकते हैं कि 2028 में लांस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक में लक्ष्य कमाल करेंगे और देश को मेडल दिलाएंगे. बता दें कि लक्ष्य ने 2022 में बर्मिंघम में हुए कॉमवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था. 2022 में बैंकॉक में हुए थॉमस कम में भी लक्ष्य गोल्ड जीत चुके हैं.

थलपति विजय की द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को मिला यू/ए सर्टिफिकेट

थलपति विजय की आगामी फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. वेंकट प्रभु की निर्देशित फिल्म ने पहले ही अपने ट्रेलर से ही चर्चा बटोर ली है. फैंस और दर्शक फिल्म की रिलीज को लेकर काफी एक्साइटेड हैं. वहीं, मेकर्स ने फैंस के एक्साइटमेंट को और भी बढ़ा दिया है.

मेकर्स की ओर से ताजा अपडेट सामने आया है. मेकर्स ने फैंस को खुशखबरी देते हुए बताया है कि विजय स्टारर द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन की ओर से यू/ए सर्टिफिकेट मिला है. द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल

टाइम के डायरेक्टर वेंकट प्रभु ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर फिल्म के सर्टिफिकेशन के बारे में जानकारी दी है. उन्होंने फिल्म का पोस्टर साझा करते हुए कैप्शन में लिखा है, द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम को यू/ए सर्टिफिकेट मिला है. द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम के रन टाइम की बात करें तो फिल्म का टाइम ड्यूरेशन 2 घंटा 45 मिनट है. वेंकट प्रभु की द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम की कहानी को गुप्त रखा गया है. उम्मीद है कि यह एक ऐसी एंटरटेनिंग क फिल्म होगी जिसमें एक्शन, ड्रामा और रोमांस का तडक़ा देखने को मिलेगा. फिल्म में विजय डबल रोल में नजर आएंगे. वह फिल्म में पिता और बेटे दोनों का किरदार निभाएंगी. फिल्म में विजय के साथ प्रभु देवा, स्नेहा, प्रशांत, मीनाक्षी चौधरी जैसे कलकार शामिल हैं.

प्रिया प्रकाश ने साड़ी पहन बिखेरा जलवा

नेशनल ऋश कही जाने वाली प्रिया प्रकाश आए दिन अपने स्टनिंग अवतार से सोशल मीडिया का पारा हाई करती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउट से हॉट तस्वीरें शेयर की हैं. प्रिया ने पीच कलर की साड़ी और मैचिंग ब्लाउज पहना है. लाइट मेकअप के साथ बालों को खास अंदाज में बांधा है और क्यूट स्माइल के साथ किलर पोज दे रही हैं. प्रिया एक एक्टर मॉडल और प्लेबैक सिंगर हैं. 2018 में उन्हें सबसे ज्यादा ख्याति उस वक्त मिली जब उनकी साउथ फिल्म ओरु अदार की एक क्लिप वायरल हो गई थी, जिसमें वे आंख मारते हुए नजर आई थीं. तभी से एक्ट्रेस को नेशनल ऋश का नाम भी मिला है.

पीएम मोदी से मिले पत्र ने ओलंपिक से पहले खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया

नई दिल्ली, राष्ट्रीय खेल दिवस पर भारतीय घुड़सवार और ओलंपियन अनुष अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपने यादगार और प्रेरक अनुभव साझा किए। पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले प्रत्येक एथलीट को, जिसमें वो खुद भी शामिल हैं प्रधानमंत्री की ओर से एक विशेष पत्र मिला था। इस पत्र में उन्होंने सभी खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं दी थीं और उन्हें किसी भी तरह की सहायता के लिए सीधे उनसे संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया था। 2018 एशियाई खेलों में पदक जीतने के बाद उन्होंने पहली बार पीएम मोदी से मुलाकात की और एक यादगार पल साझा किया। अनुष ने कहा, एथलीटों को पेरिस ओलंपिक से महीनों पहले पीएम मोदी से पत्र मिले, जिसमें हमें किसी भी तरह की मदद

के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे हमारा मनोबल बढ़ा। उन्होंने पेरिस ओलंपिक से जुड़ा एक अनचाहा किस्सा याद किया जब खिलाडिय़ों को बहुत ज्यादा गर्मी का सामना करना पड़ा था। इस पर भारत सरकार ने तुरंत एक्शन लेते हुए एयर कंडीशनर की व्यवस्था की थी। अनुष ने बताया, यहां तक कि ओलंपिक विलेज में बस सेवा के साथ भी मेरा शेड्यूल क्लैश कर रहा था और भारतीय ओलंपिक संघ ने मेरी परेशानियों को दूर करते हुए मेरे लिए विशेष रूप से एक कार उपलब्ध कराई थी। ओलंपिक से पहले प्रधानमंत्री मोदी के साथ हुई बातचीत का एक किस्सा अनुष ने शेयर किया। उन्होंने बताया कि कैसे प्रधानमंत्री ने एक अनोखे तरीके से एथलीटों के बीच एक उम्र और अनुभव की दीवार को कम किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कुछ सवाल पूछे, आप में से सबसे युवा कौन है? आप में से कितने पहली बार ओलंपिक में भाग ले रहे हैं? यहां पर किसे 2 या 3 ओलंपिक का अनुभव है? अनुष ने बताया, वह चाहते थे कि अनुभवी एथलीट जूनियर खिलाडिय़ों के साथ अपने अनुभव साझा करें। पूरा कमरा एक नए उत्साह से भर गया था।

एक नजर

पाबौ गांव में भालू के हमले से एक व्यक्ति घायल

रुद्रप्रयाग। धनपुर पट्टी के पाबौ गांव में एक व्यक्ति को अपने खेत में जाते हुए भालू ने घायल कर दिया। ग्रामीणों के सहयोग से घायल व्यक्ति को जिला चिकित्सालय लाया गया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। घटना से क्षेत्र में दहशत है। अगस्त्यमुनि ब्लॉक की धनपुर पट्टी में लगातार जंगली जानवरों का आतंक बना है। गुलदार, भालू और जंगली सुअर की निरंतर आवाजाही से क्षेत्र में लोग दहशत में है। गुरुवार सुबह 9 बजे पाबौ गांव के राजेन्द्र सिंह गांव के पास अपने खेतों में मंडवे के खेत में गए थे। इस बीच अचानक भालू ने उन पर हमला कर घायल कर दिया। करीब 15 मिनट तक उनके और भालू के बीच संघर्ष चलता रहा। राजेन्द्र सिंह ने शोर–शराबा किया। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर और ग्रामीण भी वहां पहुंच गए। ग्रामीणों को देखकर भालू भाग गया। भालू ने उनके दोनों पैर और हाथ, चेहरे पर दांत और नाखून से गहरे घाव दिए हैं। स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां उनका उपचार किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश मोहन बिष्ट एवं प्रधान देवेश सिंह ने कहा कि आए दिन गांवों में जंगली जानवरों के हमले की घटनाएं हो रही हैं, किंतु वन विभाग ग्रामीणों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। उन्होंने शीघ्र वन कर्मियों की गश्त लगाने एवं सुरक्षा की मांग की है। साथ ही गंभीर घायल व्यक्ति को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है।

घटिया डामरीकरण से गुस्साए ग्रामीणों ने किया बेडूबगड़–भौंसाल मोटर मार्ग जाम

रुद्रप्रयाग। ग्रामीणों के अनुसार अगस्त्यमुनि ब्लॉक के बेडूबगड़–भौंसाल मोटर मार्ग पर एक महीने पहले डामरीकरण किया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि एक महीने में ही सड़क पर कई जगहों से डामर उखड़ गया। जिससे जगह जगह गड्ढे बन रहे हैं। जिला पंचायत सदस्य कुलदीप कंडारी ने कहा कि सड़क पर कई जगहों पर डामर उखड़ गया है, सड़क पर नाली नहीं बनाई गई है। अब गड्ढे भरने के लिए सीमेंट भरा जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि सड़क पर गुणवत्ता परक कार्य नही किया गया तो वे इस मामले की मजिस्ट्रेटी जांच कराने की मांग करेंगे। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष कुंवर सजवाण ने कहा कि सरकार और प्रशासन का ब्रांच सड़कों की ओर कोई ध्यान नहीं है।

जीआईसी बड़कोट का पुश्ता–बरामदा क्षतिग्रस्त

नई टिहरी। जाखणीधार ब्लॉक के राजकीय इंटर कॉलेज बड़कोट के निर्माणाधीन भवन के आगे का पुश्ता भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे भवन को भी खतरा पैदा हो गया है। स्कूल के बरामदे पर भी भूस्खलन से बड़ी–बड़ी दरारें पड़ गई हैं। सुरक्षा दीवार को नुकसान हुआ है। बुधवार रात को भारी बारिश के बाद निर्माणाधीन भवन का पुश्ता, बरामदा क्षतिग्रस्त हो गया। गुरुवार को पीटीए की बैठक के दौरान अध्यक्ष प्रदीप भट्ट और प्रधानाचार्य जयप्रकाश डबराल ने शिक्षकों के साथ स्कूल का निरीक्षण किया।

सहायक श्रमायुक्त पद पर हुआ शैलेश का चयन

चमोली। नारायणबगड़ ब्लॉक के कोठली गांव के निवासी शैलेश सती का चयन सहायक श्रमायुक्त के पद पर हुआ है। शैलेश सती ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुओं, माता–पिता को दिया। शैलेश की प्रारंभिक शिक्षा राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोठली से हुई। उसके बाद हाईस्कूल और इंटरमीडिएट राजकीय इंटर कॉलेज गोपेश्वर से किया। उसके बाद स्नातक पीजी कॉलेज गोपेश्वर से किया।

गड्ढों में खो गई सड़क, टूट रही कमर

मानुपर से बेलाडाट को जाने वाला मार्ग बना है बदहाल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : यदि आप मानपुर से बेलाडट चौराहे की ओर जा रहे हैं तो जरा सावधान हो जाएं। दरअसल, सड़क पर बने बड़े–बड़े गड्ढे कब आपको चोटिल कर लें कुछ कहा नहीं जा सकता। हालत यह है कि गड्ढों की चपेट में आने से आए दिन दोपहिया वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। शिकायत के बाद भी लोक निर्माण विभाग सड़क मरम्मत की सुध नहीं ले रहा। मानपुर से बेलाडाट चौराहे के लिए प्रतिदिन सैकड़ों लोग आवाजाही करते हैं। लेकिन, वर्षाकाल में बदहाल सड़क पर आवागमन करना चुनौती बन गया है। पग-पग पर बने गड्ढे दोपहिया वाहन चालकों के लिए सबसे बड़ी मुश्किल बन रहे हैं। दरअसल, कीचड़ व पानी से भरे गड्ढे दिखाई नहीं देते। जिससे वाहन अनियंत्रित होकर रपट जाता है। बुधवार रात भी एक स्कूटी सवार युवक गड्ढे की चपेट में आने से चोटिल हो गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग पर कुछ माह पूर्व बिछाई गई इंटरलाकिंग टाइल भी जगह-जगह से उखड़ चुकी है। जगह-जगह टूट कर पड़ी टाइल्स से पैदल चलने वाले भी चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने जनता के हित को देखते हुए जल्द ही मार्ग के मरम्मत की मांग की है। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कोटद्वार में बदहाल स्थिति में पड़ा मानपुर-बेलाडाट मार्ग

कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष के साथ रुद्रपुर में पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाते हुए कांग्रेसियों ने जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

गुरूवार को कांग्रेसियों ने डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कहा कि बीते दिनों ऊधमसिंह नगर जिले में एक महिला के साथ दुष्कर्म कर हत्या का मामला सामने आया था। जिस पर महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पीड़िता के परिवार को न्याय दिलाने को लेकर प्रदर्शन किया था। आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान पुलिस की ओर से महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के साथ बर्बरता की गई।

संगठन की मजबूती का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : भारतीय जनता पार्टी भाबर मंडल ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया है। कहा कि एक सितंबर से भाजपा का सदस्यता अभियान पूरी गंभीरता के साथ चलाया जाएगा। जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि एक सितंबर से 15 अक्टूबर तक चलने वाले सदस्यता अभियान के लिए कार्यकर्त्ताओं व पदाधिकारियों की विशेष टीम बनाई जाएगी। प्रत्येक बूथ पर दो सौ से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार के कार्यों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति भाजपा से जुड़ना चाहता है। इसलिए हमें घर-घर जाकर संगठन को मजबूत करना होगा। कहा कि कार्यकर्त्ता मिस काल, क्यूआर कोड, नमो एप व आफलाइन फार्म जैसे विभिन्न माध्यमों से नए सदस्यों को जोड़ सकते हैं। इस मौके पर मनोज पांथरी, आशीष रावत, शैलेंद्र सिंह रावत, जंग बहादुर सिंह रावत, शशिबाला केष्टवाल, राजेंद्र बिष्ट, माया कंडारी, सिमरन बिष्ट, मुकेश देवलियाल, प्रमोद केसवाल, कमल नेगी, कुलदीप रावत, मनीष भट्ट, जगत सिंह रावत, शशिकांत जोशी, भाष्कर बडोला आदि मौजूद रहे।

बदहाल नालियों की करवाएं बेहतर मरम्मत

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शहर में बदहाल नालियों की बेहतर मरम्मत व सफाई करवाने की मांग को लेकर प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने उपजिलाधिकारी से मुलाकात की। कहा कि गंदगी से पटी नालियों से हर समय जलभराव की स्थिति बनी रहती है।

समस्या के संबंध में प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष विवेक अग्रवाल, जिला संगठन मंत्री हरीश नारंग, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विपिन कैंथोला व धर्मवीर गुसाईं ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गंदे पानी की निकासी के लिए बनाई गई नालियां बदहाल पड़ी हुई है। कई स्थानों पर सफाई नहीं होने के कारण नालियां चौक हो जाती हैं और वर्षा का पानी सड़क पर बहता रहा है। जिससे आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। साथ ही दुकानों में भी जल भराव की स्थिति बनी रहती है। सदस्यों ने उपजिलाधिकारी से नालियों के ऊपर एंगल स्लैब लगवाने की मांग की है। कहा कि इससे सफाई में भी सुविधा होगी।

कांग्रेस ने किया उदीयमान बाल खिलाड़ियों को सम्मानित

खिलाड़ियों को सम्मानित करते कांग्रेसी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : खेल दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से क्षेत्र के उदीयमान बाल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने युवाओं को खेल के प्रति भी जागरूक किया। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल ने मेजर ध्यान चंद्र के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर शालिनी, अंशवीर चौहान, अंजलि नेगी, अवनी नेगी, अर्पिता भट्ट, अभिषेक अग्रवाल को उदीयमान बाल खिलाड़ी के रूप में सम्मानित किया गया। योग प्रशिक्षक सोनम रावत व अंतर्राष्ट्रीय फुटबाल कोच सुनील रावत को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महिला जिलाध्यक्ष रश्मि पटवाल, रंजना रावत, बलवीर सिंह रावत, देवेंद्र कुमार, रमेश चंद्र खंतवाल, दलीप रावत, धर्मपाल सिंह बिष्ट, नीलम रावत, प्रवेश रावत, गोपाल सिंह गुसांई, अमित राज सिंह, प्रदीप नेगी, गबर सिंह, विजय नेगी मौजूद रहे।

जय भारती पब्लिक स्कूल रही विजेता

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : खेल विभाग की ओर से राजकीय स्टेडियम कोटद्वार में आयोजित हॉकी प्रतियोगिता में जय भारती पब्लिक स्कूल (ए) की टीम विजेता रही। इस दौरान प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। गुरुवार को आयोजित प्रतियोगिता कृषि मंडी समिति के पूर्व अध्यक्ष समुन कोटनाला, डीएवी पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य नितिनि भाटिया ने किया। अंडर-18 बालक/बालिका मिक्स वर्ग हाकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जय भारती पब्लिक स्कूल (ए) के नाम रहा। फाइनल मुकाबले में जय भारती पब्लिक स्कूल (ए) की टीम ने मिनी स्टेडियम मोटाढांक को 2-0 से परास्त किया। समापन कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने प्रतियोगिता के अव्वल खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए युवाओं को खेल के प्रति जागरूक किया। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए अंकिता, दीपिका, सुहानी नेगी, सृष्टि नेगी व हुमैरा को खेल विभाग की ओर से पुरस्कृत किया गया। निर्णायक की भूमिका राहुल यादव, तेजेंद्र रावत, दिनेश रावत, ईस अहमद, अक्षत रावत मौजूद रहे। इस मौके पर स्टेडियम इंचार्ज श्याम सिंह डांगी, वरिष्ठ सहायक शिवम सिंह रावत, विक्रम सिंह नेगी, मान

कमेटी संचालक चढ़ा पुलिस के हत्थे, कोतवाली पहुंचे पीड़ित लोग

अप्रैल माह में कौडिया निवासी मनोज कंसल लोगों के पैसे लेकर हुआ था फरार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : कमेटी के नाम पर लोगों से मोटी रकम लेकर फरार हुए कौडिया निवासी व्यापारी मनोज कंसल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित लोगों को जैसे ही मनोज के गिरफ्तार होने की सूचना मिली वह बड़ी संख्या में कोतवाली पहुंची और पुलिस से उनके पैसे वापस दिलवाने की मांग उठाने लगे। हालांकि, मनोज ने पुलिस को बताया कि उसने कमेटी की रकम को ब्याज पर दिया था। लेकिन, जिन्हें पैसे ब्याज दिया गया था उन्होंने पैसे वापस नहीं लौटाए। ऐसे में उनके पास भी अब कोई पैसा नहीं है।

अप्रैल माह में कपड़ा व्यापारी मनोज कंसल उर्फ सोनू रातों-रात कोटद्वार छोड़ फरार हो गया। सोनू के फरार होने की सूचना मिलते ही काशीरामपुर व कौड़िया क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दरअसल, क्षेत्र के कई लोगों ने सोनू के पास कमेटी खोली हुई थी, वे लोग प्रतिमाह उसके पास पैसा जमा करते थे। लेकिन, 11 अप्रैल को सोनू फरार हो गया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने सोनू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस बीच बुधवार पूर्वाह्न सोनू के दो रिश्तेदार क्षेत्र के एक विद्यालय में उसकी बेटी का स्थानांतरण प्रमाण पत्र व माइग्रेशन प्रमाण पत्र लेने पहुंचे। लोगों को जैसे ही इसकी भनक मिली, उन्होंने सोनू के रिश्तेदारों को दबोच कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने रिश्तेदारों से मिली जानकारी के बाद रात में सोनू को गिरफ्तार कर दिया। इधर, सोनू की गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही कोतवाली में कौड़िया व काशीरामपुर क्षेत्र के वाशिंदों को जमावड़ा लग गया। लोग सोनू से पैसे वापस दिलाने की मांग करने लगे। कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि सोनू से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में सोनू ने बताया कि उसके पास कमेटी का करीब पचास-साठ लाख रुपये था। मुनाफे के लिए उसने उक्त धनराशि को ब्याज पर दिया था। लेकिन, जिसे धनराशि दी थी, उसने पैसा नहीं लौटाया। जिस कारण उसके पास कोई पैसा नहीं है।

कोटद्वार कोतवाली में पैसे वापसी की मांग को लेकर पहुंचे लोग

उक्रांद ने भू-कानून लागू करने की उठाई मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रदेश में सशक्त भू-कानून लागू करने की मांग की है। कहा कि सरकार को इस विषय पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। साथ ही युवाओं को रोजागार उपलब्ध करवाने के लिए भी योजनाएं तैयार की जानी चाहिए।

मवाकोट में उक्रांद की चिंतन बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेताओं द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन किया गया। साथ ही स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी को पुष्पांजलि अर्पित की गई। दल के संरक्षक और मार्गदर्शक बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि चिंतन बैठक का उद्देश्य दल और जनता के बीच संवाद, सामंजस्य और समन्वय स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि यूकेडी का लक्ष्य 2027 तक चुनाव में कम से कम 25 प्रतिशत वोट अर्जित करना है। जिससे यूकेडी सत्ता का हिस्सा बन सके और यूकेडी का मेनिफेस्टो उत्तराखंड में लागू हो सके। डॉ. कपरवाण ने कहा कि यूकेडी का लक्ष्य स्कूल, कॉलेज, पंचायत और वार्डों में संगठन स्थापित कर वोट बैंक विकसित करना है। मोहन सिंह असवाल ऋषिकेश ने कहा कि इस चिंतन बैठक से यूकेडी के लिए दूरगामी सुपरिणाम सिद्ध होंगे। कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत ने कहा कि पहाड़ की संस्कृति पहचान की रक्षा की जाएगी। अन्य वक्ताओं में जगदीपक रावत, सरिता पुरोहित, बीपी भट्ट, चौधरी ब्रजवीर सिंह, रविंद्र वशिष्ठ, हरेंद्र सिंह रौथाण, भुवन जोशी, रमेश दलाल, पितृ शरण जोशी, बिपिन रावत, युद्ध वीर सिंह चौहान, डीडी पंत, विमला बहुगुणा, शशि बंगवाल, पुष्कर सिंह रावत, राजेंद्र पंत, जेपी जोशी, जनार्दन ध्यानी, सतपालसिंह नेगी, हरीश द्विवेदी, भारत मोहन काला आदि ने विचार व्यक्त किये। चिंतन बैठक का संचालन प्रवेश चंद्र नवानी और सत्य प्रकाश भारद्वाज ने संयुक्त रूप से किया।

आयोजित बैठक में भाग लेते कार्यकर्ता व पदाधिकारी

शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा मंहगा, पुलिस ने पकड़ा

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वाले 2 वाहन चालकों और 3 नाबालिगों पर कार्रवाई की है। एसएसपी के निर्देश पर जिले भर में यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा बीते 15 दिन में जिले भर में शराब पीकर वाहन चला रहे 78 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत एवं 26 नाबालिगों के वाहन चलाते समय पकड़े जाने पर उनके परिजनों पर जुर्माना लगाया गया है।

एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि बीते बुधवार की देर शाम को चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 2 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर चालकों की गिरफ्तारी के साथ-साथ वाहनों को सीज कर डीएल निरस्तीकरण की कार्रवाई की गई। साथ ही 3 नाबालिगों के वाहन चलाते समय पकड़े जाने पर उनके परिजनों के विरुद्ध 25 हजार का जुर्माना लगाया गया है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा बीते 15 दिन में जिले भर में शराब पीकर वाहन चला रहे 78 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर चालकों की गिरफ्तारी के साथ-साथ वाहनों को सीज कर चालकों के डीएल निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई है। साथ ही 26 नाबालिगों के वाहन चलाते समय पकड़े जाने पर उनके परिजनों के विरुद्ध 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

।। कार्यालय :- नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार (पौड़ी गढ़वाल) ।।

पत्रांक :- 1651/कर अनु0/भव0ना0/2024-25 दिनांक :- 28.08.2024

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति/व्यक्तियों द्वारा नगर निगम कोटद्वार के भवन कर अभिलेखों पूर्व भवन स्वामी के स्थान पर अपना नाम दर्ज करने हेतु स्वामित्व प्रमाण पत्रों एवं शपथ पत्र आदि के आधार पर आवेदन किया गया है।

अतः नगर निगम अधिनियम-1959 की धारा 213(ख) के अन्तर्गत समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस किसी को निम्न नामान्तरण/नामान्तरणों पर आपत्ति हो वह मय साक्ष्यों को उपरोक्त सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस भीतर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। मियाद समाप्त होने पर उपलब्ध अभिलेखिया साक्ष्यों के आधार पर सम्पत्ति के नामान्तरण हेतु निर्णय पारित कर लिये जायेंगें।

क्र0 सं0	सम्पत्ति संख्या एवं मौहल्ले/वार्ड का नाम	भवन कर अभिलेखों में दर्ज नाम (नाम जो निरस्त होना है)	आवेदक का नाम व पता (नाम जो दर्ज होना है)	सम्पत्ति का स्वामित्व प्राप्त करने का आधार
1	2	3	4	5
1	323/309 ए वार्ड 12 कालाबड	श्री केशवदत्त, कैलाश चन्द्र, मुकेशचन्द्र पुत्रगण स्व0 श्री कालिका प्रसाद एवं श्रीमती सरोजनी कुकरेती, अनुराग कुकरेती, अजिताभ कुकरेती पुत्र एवं पत्नी स्व0 विनोद कुकरेती	श्री रमेशचन्द्र कुकरेती पुत्र स्व0 श्री कालिका प्रसाद	दाननामा रजिस्ट्री व खाता खतौनी एवं शपथ पत्र

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम कण्वनगरी कोटद्वार।
(0401/51)

मैराथन दौड़ में एसजीआरआर के अयुष पंवार रहे अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : खेल दिवस पर एमकेवीएन स्कूल ने अन्तर्विद्यालयी सात किमी. मैराथन दौड़ और रस्साकस्सी प्रतियोगिता का आयोजन किया। मैराथन में एसजीआरआर स्कूल के आयुष पंवार ने प्रथम स्थापन प्राप्त किया।

मैराथन दौड़ कण्वाश्रम पुल से शुरू होकर एमकेवीएन स्कूल कण्वघाटी के प्रांगण में समाप्त हुई। मैराथन दौड़ में एसजीआरआर स्कूल के आयुष पंवार, जीआईसी. सुखरौ के नकुल सैनी और जीआईसी मोटाढाक के अनमोल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिकाओं के लिए आयोजित रस्साकस्सी प्रतियोगिता में क्षेत्र के दस विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें एमकेवीएन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल कण्वघाटी की छात्राओं ने बाजी मारी। विद्यालय के प्रबंध निदेशक प्रकाश चन्द्र कोठारी और कार्यकारी निदेशक मयंक प्रकाश कोठारी ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

मुख्य बाजार में पशु छोड़ने वालों की खैर नहीं, पुलिस करेगी कार्रवाई

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : जनपद में मुख्य बाजारों व कस्बों में पशुओं को छोड़ने वालें पशु स्वामियों पर पुलिस आगामी 1 से 15 सितंबर तक विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई करेगी। पुलिस आगामी 1 से 15 सितंबर तक विशेष अभियान चलायेगी। एसएसपी ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को पशुओं को छोड़ने वाले पशु स्वामियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए है।

एसएसपी पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने बताया कि लावारिस घूम रहे पशुओं के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, इन पशुओं के कारण लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जबकि सड़क में खड़े ये पशु सिंग से मारकर लोगों को चोटिल कर रहे हैं। इनके कारण सड़क दुर्घटनायें होती रहती हैं और सड़क दुर्घटना होने की प्रबल आशंका भी बनी रहती है। एसएसपी ने बताया कि जिले के सभी थाना प्रभारियों को पशुओं को छोड़ने वाले पशु स्वामियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। बताया कि पशुओं को बाजारों, सड़कों पर नहीं छोड़ने को लेकर भी लोगों को जागरूक किया जाएगा।

इसके बावजूद भी अगर कोई पशु स्वामी अपने पालतू पशु को छोड़ता है तो उसके विरुद्ध गो वंश संरक्षण अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने पशुस्वामियों से अपने पशुओं का पशुपालन विभाग में रजिस्ट्रेशन करवाकर टैग अवश्य लगवाने, पशुओं को बाजारों, सड़कों में लावारिस नहीं छोड़ने की अपील भी की है।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट बैंकर चेक डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

टेन्डर संख्या	84-DRM-MB-24-25 Dt. 29.08.2024	85-DRM-MB-24-25 Dt. 29.08.2024	86-DRM-MB-24-25 Dt. 29.08.2024	87-DRM-MB-24-25 Dt. 29.08.2024
कार्य का नाम	Elimination of level crossing no. 65/C and 66/C by providing LHS by pushing method on MB - GZB in the section of ADEN/HPU	Elimination of level crossing no. 457 and 458 by providing LHS by pushing method on MB - SRE in the section of ADEN/NBD	Elimination of level crossing no. 465 and 470/B by providing LHS by pushing method on MB - SRE in the section of ADEN/NBD	Elimination of level crossing no. 429 by providing LHS by pushing method on MB - SRE in the section of ADEN/NBD
टेन्डर क्लोसिंग दिनांक	24.09.2024	24.09.2024	24.09.2024	24.09.2024
टेन्डर क्लोसिंग समय	16:00	16:00	16:00	16:00
अनुमानित लागत	8,22,55,608.83	7,86,27,318.38	8,22,55,608.83	4,06,39,162.69
धरोहर राशि	5,61,300.00	5,43,100.00	5,61,300.00	3,53,200.00
कार्य पूर्ण करने की अवधि	12 माह	12 माह	12 माह	12 माह
बिडिंग आरंभ तिथि	10.09.2024	10.09.2024	10.09.2024	10.09.2024

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/24-25 दिनांक - 29.08.2024 2687/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सहायक अभियन्ता (विद्युत), कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, परिमण्डल पौड़ी, तहसील रोड़, निकट गैस गोदाम, पौड़ी।

:: E Mail : serespauri@gmail.com

पत्रांक 10/ग्रा0नि0वि0/निविदा-सूचना /2024-25 :: दिनांक 29/08/2024

''निविदा आमन्त्रण सूचना''

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से विभाग में विद्युत कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों की निविदा दिनांक 12-09-2024 को अपरान्ह 2:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदायें उसी दिन अपरान्ह 2:30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी या मनोनीत अधिकारी द्वारा इस कार्यालय में खोली जायेंगी। इन कार्यों की निविदायें कार्यालय दिवसों में ठेकेदारों को दिनांक 29-08-2024 से दिनांक 11-09-2024 की सांय 4:00 बजें तक परिमण्डल कार्यालय पौड़ी में धरोहर धनराशि प्रस्तुत करने के उपरान्त ही विक्रय की जाऐंगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	जनपद/ विकास खण्ड	अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर धनराशि (रूपये में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य +GST	कार्य पूर्ण करने की अवधि	ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी	निविदा की वैधता
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	जनपद रूप्रप्रयाग के अन्तर्गत सोनप्रयाग में घोड़े खच्चरों के मल मूत्र निस्तारण प्लान्ट में आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य।	रूद्रप्रयाग /उखीमठ	8.16	24,600.00	नि0मू0-1000 GST-180 पृथक-पृथक	06 माह	''ए''	30 दिन
2	जनपद रूप्रप्रयाग के अन्तर्गत सोनप्रयाग में प्रीपेड काउन्टर के नीचे घोड़े-खच्चर हेतु चेतक भवन दो एवं डोरमैट्री में विद्युतीकरण का कार्य।	रूद्रप्रयाग /उखीमठ	6.75	20,300.00	नि0मू0-1000 GST-180 पृथक-पृथक	06 माह	''ए''	30 दिन

सहायक अभियन्ता (विद्युत),
ग्रामीण निर्माण विभाग,
परिमण्डल पौड़ी।

एक नजर

फ्लाईओवर के नीचे से अवैध स्टैंड हटे

देहरादून। वसंत विहार क्षेत्र के निवर्तमान पार्षद अंकित अग्रवाल के नेतृत्व में क्षेत्र के लोगों ने गुरुवार को नगर आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने बल्लपुर चौक पर फ्लाईओवर के नीचे से अवैध रूप से चल रहे विक्रम स्टैंड और ठेलियों को हटाने की मांग की है। कहा कि क्षेत्र के लोगा इसका लगातार विरोध कर रहे हैं। यहां विक्रम चालकों द्वारा अभद्र भाषा में बात करना, लड़ाई झगड़ा करना, मारपीट करना, खुले में शराब का सेवन करने से माहौल खराब हो रहा है। इस मौके पर योगेश गुप्ता, कार्तिक गुजराल, लक्ष्य, विराज, तरुण आदि मौजूद रहे।

उत्रांद वार्षिक अधिवेशन संचालन समिति का गठन

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के 15, 16 सितंबर को गैरसैंण में होने वाले वार्षिक अधिवेशन को संचालन समिति का गठन कर दिया गया है। केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत की ओर से संचालन समिति की घोषणा की गई। प्रताप सिंह कुंवर को संयोजक बनाया गया। डीडी पंत, महिपाल पुंडीर, आशीष नेगी, रणजीत शाह, केएल शाह, चंद्रमोहन गढ़िया, अशोक सिंह नेगी सह सहसंयोजक बनाए गए। मंच संचालन का जिम्मा मनोरथ प्रसाद ध्यानी, विजय बौड़ाई, सुशील उनियाल को दिया गया। अनिल थपलियाल, आशुतोष नेगी, देवेंद्र चमोली, दीपक रावत को मीडिया का जिम्मा दिया गया।

चंद्रबनी के लोगों ने नगर निगम में किया प्रदर्शन

देहरादून। चंद्रबनी वार्ड के लोगों ने खराब स्ट्रीट लाइट को ठीक करने और सफाई व्यवस्था में सुधार को लेकर गुरुवार को नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने अपर नगर आयुक्त से मिलकर कार्यवाही की मांग की है। अपर नगर आयुक्त को बताया कि चंद्रबनी वार्ड में स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। सफाई व्यवस्था भी पटरी से उतर गई है। नालियां चोक हैं और सड़कों पर कूड़ा पड़ा हुआ है। कई बार नगर निगम से इसकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा है। क्षेत्र में फॉगिंग भी नहीं हो रही है, जिससे डेंगू का भी खतरा बना हुआ है। उन्होंने शीघ्र ही खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट्स को ठीक करने और सफाई व्यवस्था में सुधार की मांग की है। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद सुखबीर बुटोला, मंडल महामंत्री मदन सिंह, आशीष तोमर, अनिल ढकाल, अनीश भटनागर, महेश घोष, अजय गोयल, विलोचन प्रसाद शर्मा, राधेश्याम कश्यप, विकास कश्यप, विजय यादव, जगदीश रतूड़ी, प्रेम सिंह आदि मौजूद रहे।

भाजपाइयों ने श्रम विभाग कार्यालय पर किया प्रदर्शन

देहरादून। भाजपाइयों ने गुरुवार को अजबपुर स्थित श्रम विभाग कार्यालय पर प्रदर्शन सरकार श्रम आयुक्त का घेराव किया। उन्होंने विभाग पर अपात्र लोगों के श्रमिक कार्ड बनाकर सामान वितरण करने का आरोप लगाया। आक्रोशित भाजपाइयों ने श्रमिक कार्ड के साथ ही उस पर दिए गए सामान की जांच करवाने की मांग की है। भाजपाइयों ने आरोप लगाया कि श्रम विभाग की ओर से अपात्र लोगों के श्रमिक कार्ड बनाए जा रहे हैं। कार्ड बनाने के बाद उनको सामान वितरत कर सरकारी धन की बंदरबांट की जा रही है। यह खेल विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर हो रहा है। जबकि पात्र लोग श्रमिक कार्ड बनाने के लिए दर–दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। उन्होंने श्रमिक कार्डों की जांच करने की मांग की है।

इसके साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में निवर्तमान पार्षद राजकुमार कक्कड़, सतीश कश्यप, दिनेश सती, आलोक कुमार, दर्शनलाल बिंजोला, गणेश बर्थवाल, सोनू कुमार, महिपाल धीमान आदि मौजूद रहे।

वीपीएड प्रशिक्षित बेरोजगारों ने शिक्षा मंत्री आवास के बाहर किया प्रदर्शन

देहरादून। वीपीएड प्रशिक्षित बेरोजगारों ने गुरुवार को यमुना कॉलोनी स्थिति शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत के आवास के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रशिक्षित बेरोजगारों ने खेल मंत्री रेखा आर्या के न मिलने पर भी नाराजगी जताई। विदित है कि राज्य के वीपीएड प्रशिक्षित लंबे समय से स्कूलों में व्यायाम शिक्षकों की तैनाती की मांग कर रहे हैं। इस संदर्भ में एक प्रस्ताव भी तैयार किया गया है लेकिन लंबे समय से इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। इससे नाराज प्रशिक्षित बेरोजगार गुरुवार को यमुना कॉलोनी स्थित शिक्षा मंत्री के आवास पर पहुंचे। लेकिन शिक्षा मंत्री के बाहर होने की वजह से शिक्षा मंत्री मिल नहीं पाए।

पूर्व सीएम एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. ''निशंक'' ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल ''निशंक'' ने शिष्टाचार भेंट की।

टिहरी के युवाओं ने पीसीएस परीक्षा में दिखाया दम

नई टिहरी।उत्तराखंड लोकसेवा आयोग की ओर से आयोजित पीसीएस परीक्षा 2021 का परिणाम घोषित हो गया है। परीक्षा में विभिन्न पदों पर टिहरी जिले के युवाओं ने भी सफलता हासिल की है। युवाओं की सफलता पर परिजन और सगे संबंधियों ने खुशी जताई है। जौनपुर ब्लॉक के डांडा की बेली और वर्तमान में नई टिहरी निवासी आकाश बेलवाल का चयन बीडीओ पद के लिए हुआ है। उनके पिता आनंद सिंह बेलवाल जिला न्यायालय में अधिवक्ता हैं, जबकि मां सरोज बेलवाल शिक्षिका हैं। आकाश की शिक्षा नई टिहरी के बीवीएस और कान्वेंट स्कूल से हुई है। जबकि बीटेक की पढ़ाई रुड़की कोर इंजीनियरिंग कालेज से हुई है। उन्होंने घर पर रहकर ही तैयारी कर इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता पाई है। वहीं नई टिहरी के बौराड़ी निवासी आशीष सिंह गुसाईं का चयन भी सहायक आयुक्त राज्य कर के लिए हुआ है।

हर घर पहुंचे सरकार की योजनाएं

द्वारीखाल में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते वक्ता

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : भारतीय जनता पार्टी द्वारीखाल की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ द्वारीखाल ब्लॉक प्रमुख महेंद्र राणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोहन सिंह नेगी, मंडल अध्यक्ष सुखपाल नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यों को देखते हुए ही जनता ने तीसरी बार केंद्र में एनडीए की सरकार बनाई है। केंद्र व प्रदेश सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को बेहतर दिशा में ले जाना है। पहाड़ में रहने वाले ग्रामीणों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने ग्रमीणों से स्वरोजगार के लिए चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। कहा कि स्वरोजागर से जुड़ने के बाद युवाओं को पहाड़ से पलायन नहीं करना पड़ेगा। कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने संगठन से अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का भी संकल्प लिया। इस मौके पर मंडल प्रभारी अनीता गौड़, जिला मीडिया प्रभारी विनोद रावत, मंडल अध्यक्ष सुखपाल नेगी, रवींद्र रावत, शोभा नैथानी, यशोदा देवी, सुनील नेगी, ऋषि मोहन आदि मौजूद रहे।

वॉलीबाल में टैगोर सदन और शिवाजी सदन बनें विजेता

जयन्त प्रतिनिधि।

लैन्सडौन : गुरूवार को मेजर ध्यानचंद का जन्मदिन आर्मी पब्लिक स्कूल लैंसडौन में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। वरिष्ठ वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए अंतर सदनीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सुभाष व टैगोर सदन के बीच कड़ा मुकाबला हुआ। प्रतियोगिता में टैगोर सदन की टीम विजेता रही। बालिका वर्ग में भी कांटे के मुकाबले में शिवाजी सदन की बालिकाओं ने बाजी मारी।

कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों के लिए नींबू चम्मच रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा 1 के दिव्यांश ने प्रथम, ऋषभ रावत ने द्वितीय, कक्षा 2 की विधि ने प्रथम, रंदित्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों के मध्य अंतर सदनीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें टैगोर सदन विजेता रहा। वहीं कक्षा छठवीं से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित खो-खो प्रतियोगिता के बालक वर्ग में बी एवं बालिका वर्ग में एक टीम विजेता रही। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल ने छात्रों के प्रयास की सराहना करते हुए विजेता टीम और खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों के प्रति सक्रिय रूप से भाग लेने और शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक विजयपाल सिंह रावत, मीनाक्षी नौटियाल समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

स्थानीय लोगों की मदद से सुलझाएं विवाद

चमोली। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के विकास और जनता की सुविधा के लिए जो घोषणाएं मुख्यमंत्री की ओर से की गई हैं, उनको प्राथमिकता पर रखते हुए पूरा करना सुनिश्चित करें। वन भूमि हस्तांतरण, टेंडर प्रक्रिया के मामलों का तत्काल निस्तारण करें। समरेखण और भूमि विवाद प्रकरणों में जन प्रतिनिधियों के सहयोग से स्थानीय लोगों से वार्ता कर विवाद को सुलझाया जाए। सीएम घोषणा के तहत जिन कायी की वित्तीय स्वीकृति विभागों को मिल चुकी है उन कार्यों को प्राथमिकता पर रखते हुए गुणवत्ता के साथ समय पर काम करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता का भी विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह, अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, अधिशासी अभियंता लोनिवि राजवीर सिंह चौहान मौजूद रहे।

विधायक व डीएम ने किया जौनपुर ब्लॉक सभागार एवं ब्लॉक रोड का लोकार्पण

नई टिहरी। धनोल्टी विधायक प्रीतम सिंह पंवार और डीएम मूयर दीक्षित ने जौनपुर मुख्यालय थत्यूड़ के ब्लॉक सभागार एवं ब्लॉक रोड का लोकार्पण किया। गुरुवार को जिला प्लान से 25 लाख रुपये की लागत बने सभागार सौन्दर्यीकरण, अतिथि गृह निर्माण एवं मुख्य सड़क से ब्लॉक सभागार तक टाइल्स कार्यों का लोकार्पण किया। ब्लॉक मुख्यालय थत्यूड़ में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों द्वारा जागरूक और सक्रिय होकर क्षेत्र विकास के कार्य किए जा रहे हैं। आगे भी अच्छे जनप्रतिनिधि चुनकर आएं, ताकि क्षेत्र का विकास हो सके। विधायक ने जिला योजना मद से किए गए उक्त कार्यों एवं कार्यक्रम में डीएम के पहुंचने पर कहा कि, इससे जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का मनोबल बढ़ता है। उन्होंने कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत ब्लॉक सभागार के आंगन का सौन्दर्यीकरण, टीन शेड निर्माण, पेयजल, वन भूमि, आपदा एवं प्राधिकरण से संबंधित प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्य करने की अपेक्षा की। इसके साथ ही क्षेत्र में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित करने को कहा। डीएम मयूरी दीक्षित ने कहा कि, क्षेत्र पंचायत सभागार काफी जीर्णशीर्ण अवस्था में था, जिसका जनप्रतिनिधियों की मांग पर जिला योजना मद से सौन्दर्यीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि, जिला योजना के अंतर्गत क्षेत्र में कई कार्य हुए हैं।

क्रॉस कंटी दौड़ में रितुल, विजय, आरूषी, दिया ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : खेल दिवस के अवसर पर खेल विभाग द्वारा क्रास कंट्री दौड, कबड्डी, बैडमिंटन व हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने स्थान प्राप्त करने वाले सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए।

खेल विभाग चमोली द्वारा गुरुवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम गोपेश्वर से घिघंराण मोटर मार्ग पर चिन्हित स्थलों तक बालक एवं बालिकाओं की क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। अंडर-17 बालकों की 03 किमी. दौड़ में 113 बालकों ने भाग लिया। जिसमें रितुल ने प्रथम, अमन ने द्वितीय, तनिश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक ओपन वर्ग की 05 किमी. दौड़ में 55 बालकों ने भाग लिया, जिसमें विजय सिंह ने प्रथम, दिगम्बर ने द्वितीय, चन्दन सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर-17 बालिका वर्ग की 03 किमी. दौड़ में 74 बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमें आरूषी नेगी ने प्रथम, बेबी ने द्वितीय, हिमानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिका ओपन वर्ग की 05 किमी. दौड़ में 48 बालिकाओं ने भाग लिया। जिसमें दिया प्रथम, सावित्री द्वितीय तथा ऊषा तृतीय स्थान पर रही। सीनियर वर्ग की हॉकी प्रतियोगिता में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया।

कबड्डी प्रतियोगिता में राइंकॉ थलीसैण, राउमावि मूसेटी बनें विजेता

जयन्त प्रतिनिधि।

थलीसैण : गुरूवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैण में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालक वर्ग में राइंकॉ थलीसैण विजेता, राइंकॉ बगवाडी उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में राउमावि मूसेटी विजेता और राइंकॉ कपरोली उपविजेता रहे।

खेल मैदान में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत, खंड शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, पूर्व प्रधान आनंद सिंह नेगी, युवा मोर्चा अध्यक्ष बालम सिंह नेगी, भाजपा महामंत्री राकेश नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कबड्डी प्रतियोगिता के अंडर-17 बालक वर्ग में चार और बालिका वर्ग में तीन टीमों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज थलीसैण विजेता, राजकीय इंटर कॉलेज बगवाडी उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मूसेटी विजेता और राजकीय इंटर कॉलेज कपरोली उपविजेता रहे। इस मौके पर व्यायाम शिक्षक बृजमोहन भंडारी, भरत सिंह, पंकज सिंह कोहली, श्रीमती ममता रावत, पप्पू कुमार, श्रीमती रोशनी देवी आदि मौजूद थे।

क्रॉस कंट्री दौड़ में निधि व सत्यम ने मारी बाजी

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित हुई क्रॉस कंट्री दौड़

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई। खेल विभाग के तत्वाधान में बालक व बालिका अंडर-18 की क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन कंडोलिया पार्क से सर्किट हाउस तक किया गया। प्रतियोगिता में 27 बालक व 08 बालिकाओं ने प्रतिभाग किया।

जिला युवा कल्याण अधिकारी रविन्द्र सिंह ने हरी झंड़ी दिखाकर क्रॉस कंट्री दौड़ का शुभारंभ किया। कंडोलिया पार्क से सर्किट हाउस तक और वहां से वापसी कंडोलिया पार्क में दौड़ सम्पन्न हुई। क्रॉस कंट्री दौड़ बालिका वर्ग में निधि नेगी ने प्रथम, ममता ने द्वितीय, प्रियांशी तृतीय व मानसी ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। जबकि बालक वर्ग में सत्यम कुमार प्रथम व अनूप द्वितीय स्थान पर रहे। क्रॉस कंट्री दौड़ के विजेता खिलाड़ियों को जिला युवा कल्याण अधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने खेल प्रतिभागियों को कहा कि पठन-पाठन के साथ-साथ खेल गतिविधियों से भी लगाव रखना चाहिए। जिससे बड़े स्तर पर होने वाले खेलों में वह बेहतर प्रदर्शन कर अपने जनपद व गांव का नाम रोशन कर सकेंगे।

सदस्यता अभियान को पर्व के रूप में मनाए

नई टिहरी। भाजपा नई टिहरी मंडल की सदस्यता अभियान कार्यशाला संपन्न हुई। भाजपा के जिला महामंत्री उदय रावत व नई टिहरी मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने कहा कि मंडल में सभी भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरी तत्परता से सदस्यता अभियान को एक पर्व के रूप में अंजाम देंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी को इस सदस्यता अभियान से और अधिक विस्तार दिया जाएगा। कार्यशाला को पूर्व मंत्री दिनेश धनै और कार्यक्रम संयोजक राम लाल नौटियाल ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने सदस्यता अभियान को एक पर्व के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। जिससे सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उत्साहित हैं।

महिला कांग्रेस ने प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया

नई टिहरी। महिला अपराधों और उत्पीड़न के खिलाफ रुद्रपुर में प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के साथ पुलिस की बर्बरता पूर्ण कार्यवाही से नाराज महिला कांग्रेस ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नई टिहरी के हनुमान चौक पर प्रदेश सरकार व पुलिस की खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। जिला महिला कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारियों नई टिहरी के हनुमान चौक पर जुटकर जमकर प्रदेश की भाजपा सरकार व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। जिसके बाद कांग्रेसियों ने प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते हुए प्रदेश सरकार पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाही का आरोप लगाया। महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशा रावत, बुद्धीजीवी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष ममता उनियाल ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं की रक्षा करने में नाकाम साबित हो रही है। इसके साथ ही महिलाओं के पक्ष में आवाज उठाने वाली प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के साथ प्रदर्शन के दौरा बर्बरता पूर्ण कार्यवाही पुलिस की मदद से करवाकर प्रदेश सरकार महिलाओं को लेकर अपने बर्बर रूप को उजागर करने का काम कर रही है।

स्मार्ट सिटी के आधे–अधूरे निर्माण पर कांग्रेस ने उठाए सवाल

देहरादून। नगर निगम चुनाव तैयारियों को लेकर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में कांग्रेस नेताओं ने स्मार्ट सिटी के आधे–अधूरे निर्माण कार्यों पर सवाल उठाए। गुरुवार को आकाशदीप कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी ने कहा कि इस बरसात ने स्मार्ट सिटी के कामों की पोल खोलकर रख दी है। जनसंवाद कार्यक्रम में नेताओं ने नगर निगम देहरादून के विकास का रोडमैप सामने रखा। कहा कि स्मार्ट सिटी की खामियों को हर कोई समझ रहा है, लेकिन उन्हें दूर नहीं किया जा रहा है। कांग्रेस इसके लिए बेहतर कदम उठाएगी। कांग्रेस नेता नवीन जोशी ने कहा कि जिस तरह के हालत इस बार बरसात में शहर में हो रहे हैं, उससे स्मार्ट सिटी पर खर्च किए गए करोड़ों के बजट की जांच की जानी चाहिए। क्योंकि सड़कें पानी से लबालब भरी हैं, घरों और दुकानों में पानी भर रहा है। शहर की सड़कें टूटी पड़ी हैं। उन्होंने लोगों से निकाय चुनाव में कांग्रेस के लिए समर्थन मांगा। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री अनिल नेगी, प्रदेश प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवान, आशीष नौटियाल, यूसुफ खान, रनजीत सिंह, विजेन्द्र सिंह, जीमल अख्तर, सुनील कुमार, भानु प्रताप, शाहीद खान समेत अन्य मौजूद रहे।

ग्राम चौपाल में अधिकारी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : विकासखंड जखोली के ग्राम पंचायत मोसड़ में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत ग्राम चौपाल कार्यक्रम प्रभारी जिला सूचना अधिकारी रती लाल शाह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ग्राम चौपाल में ग्रामीणों द्वारा क्षेत्र की 10 समस्याएं दर्ज कराई गई। इस मौके पर ग्रामीणों ने पानी, शिक्षा, विद्युत, स्वास्थ्य की समस्याएं उठाई। ग्राम चैपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी की भारी समस्या है। लगभग 8 किमी. दूर डांडातोक से गांव में पानी आता है। पानी का स्रोत भी क्षतिग्रस्त हो गया है तथा पेयजल लाइनें भी 20-25 साल पुरानी हैं जो जीर्ण शीर्ण में है। ग्रामीणों ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत गांव के किसी भी घर में हर घर नल से जल उपलब्ध कराने के लिए कनेक्शन नहीं किए गए हैं। कहा कि राजस्व ग्राम महरगांव में प्राथमिक विद्यालय संचालित होता था जो 2017 में बंद हो गया है। महरगांव में लगभग 19-20 बच्चे हैं जो दूसरे गांव माथगांव में दो किमी. दूर पैदल पढ़ने को जाते हैं। उन्होंने बंद हुए प्राथमिक विद्यालय को पुनः संचालित करने की मांग की गई। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत मोसड़ में आंगनबाड़ी भवन बनाने हेतु 12 लाख स्वीकृत किए गए हैं किंतु अभी तक आंगनबाड़ी केंद्र भवन बनाने का कार्य शुरू नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द आंगनबाड़ी भवन बनाने की मांग की। इस अवसर पर प्र. जिला सूचना अधिकारी रती लाल शाह ने सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को सभी योजनाओं का लाभ उपलब्ध हो। ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आयोजित कर संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को उपलब्ध हो सके। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि उनके द्वारा जो भी समस्याएं दर्ज कराई गई हैं उनका संबंधित विभागों द्वारा आवश्यक कार्यवाही करवाई जाएगी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मोसड़ श्रवण सिंह महर, ग्राम विकास अधिकारी शशांक मैठाणी, रोजगार सेवक दीपक रावत सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com